श्रम और रोजगार मंत्रालय

अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत 16.47 लाख नए कर्मचारी नामांकित हुए

25 वर्ष की आयु तक के 7.84 लाख युवा कर्मचारी नए पंजीकरण में शामिल हैं

कर्मचारी राज्य बीमा योजना में 3.38 लाख महिला कर्मचारी नामांकित हैं

अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत लगभग 18,490 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत हुए

अप्रैल 2024 में 53 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना का लाभ दिया गया

Posted On: 19 JUN 2024 5:46PM by PIB Delhi

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के अनंतिम पे-रोल डेटा से पता चलता है कि अप्रैल 2024 में 16.47 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं।

अप्रैल 2024 में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लगभग 18,490 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं, जिससे अधिक श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

उल्लेखनीय है कि आंकड़ों के माध्यम से राष्ट्र के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं, क्योंकि महीने के दौरान जोड़े गए कुल 16.47 लाख कर्मचारियों में से 7.84 लाख कर्मचारी, जो कुल पंजीकरण का लगभग 47.60 प्रतिशत है, 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं। साथ ही, पेरोल डेटा का लैंगिकवार विश्लेषण बताता है कि अप्रैल 2024 में महिला सदस्यों का शुद्ध नामांकन 3.38 लाख रहा है। इसके अलावा, अप्रैल 2024 के महीने में ईएसआई योजना के तहत कुल 53 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने भी पंजीकरण कराया है, जो समाज के हर वर्ग तक बीमा लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता का परिचायक है।

पे-रोल डेटा अनंतिम है, क्योंकि आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है।

***

एमजी/एआर/एकेपी/एसके

(Release ID: 2026674) Visitor Counter : 88

Read this release in: English , Tamil , Urdu , Hindi_MP , Marathi